Publication	Hindustan
Edition	Gurugram
Date	9th September 2018
Page No	02

हिन्दुस्तान

प्रतियोगिता के तीसरे दिन अंडर-19 में सनसिटी की टीम विजेता

बैडमिंटन के दो वर्गों में डीपीएस चैंपियन बना

जिला स्तरीय प्रतियोगिता

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

सेक्टर-62 स्थित हेरिटेज स्कूल में चल रही जिलास्तरीय स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को महिला वर्ग में कड़े मुकाबले हुए। इसमें अंडर-14 में सेक्टर-45 स्थित डीपीएस, अंडर-17 में सुशांतलोक डीपीएस और अंडर-19 में सनसिटी की टीमें विजेता बनीं।

कोच जावेद ने बताया कि शनिवार को अंडर-14, 17 और अंडर-19 आयु वर्ग में महिला टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इसमें जीत के लिए महिला खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देती नजर आईं। बताया कि अंडर-14 के फाइनल मुकाबले में सेक्टर-45 के डीपीएस ने सेक्टर-46 के अमिटी स्कूल की टीम को शिकस्त दी। इस वर्ग में शिक्षांतर स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। अंडर-17 में सुशांतलोक डीपीएस ने सेक्टर-45 की डीपीएस को हराकर राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए स्थान पक्का किया। इस वर्ग में तीसरे स्थान पर सेक्टर-43 अमिटी स्कूल की टीम रही।

वहीं अंडर-19 आयु वर्ग में सन सिटी स्कूल की टीम ने मारुति कुंज की डीपीएस को हराया। इस वर्ग में तीसरे स्थान पर हेरिटेज स्कूल की टीम रही। ये टीमें अगले महीने अंबाला में होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। इन टीमों के खिलाड़ियों को जल्द ही प्रशिक्षण देना शुरू किया जाएगा।

150 महिला खिलाड़ियों ने की हिस्सेदारी : बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के 36 स्कूलों से 150 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। शनिवार को महिला टीमों के बीच पहले लीग मैच कराए गए। इसके बाद जीतने वाले स्कूल के खिलाड़ियों के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। इसके बाद स्कूलों के खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबले खेले गए। गौरतलब है कि महिला वर्ग के मुकाबले के लिए दो दिन का समय आरक्षित था, हालांकि एक ही दिन में मुकाबले पूरे हो गए।

गुरुग्राम के सेक्टर-62 स्थित हेरिटेज स्कूल मे जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के तीसरे दिन शनिवार को जीत के बाद खुशी का इजहार करतीं महिला खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित

सोहना | हमारे संवाददाता

नेशनल स्तरीय जूनियर मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाली खुशी खटाना को स्कूल ने शुक्रवार को सम्मानित किया है। कोच और अभिभावकों को भी सम्मानित किया।

मालूम हो कि भोंडसी स्थित आरबीएसएम स्कूल की दसवीं की छात्रा खुशी खटाना ने महाराष्ट्र में 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। निदेशक भागीरथ राघव ने बताया कि जिले से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली खुशी एकमात्र खिलाड़ी थी। जीत का श्रेय कोच मनोज शर्मा को भी जाता है।

खुशी खटाना। • हिन्दुस्तान

Publication	Dainik Bhaskar
Edition	Gurugram
Date	9th September 2018
Page No	05

दैनिक भास्कर

डिस्ट्रिक्ट लेवल बैडमिंटन चैंपियनशिप

डीपीएस, डीवीएस और सनसिटी स्कूल का पहले स्थान पर कब्जा

भास्कर न्यूज | गुड़गांव

हेरिटेज स्कूल में शनिवार को डिस्ट्रिक्ट लेवल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में गर्ल्स खिलाड़ियों के बीच मैच खेले गए। इसमें जिले के सरकारी और निजी स्कूलों के कुल 150 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। 3 वर्गों के टूर्नामेंट में कुल 36 टीमों ने भाग लिया।

गर्ल्स कैटेगरी के मैचों के साथ ही टूर्नामेंट का भी समापन हुआ। फिजिकल एजुकेशन टीचर जावेद ने बताया कि इसी क्रम में अब 17 अक्टूबर से अंबाला में स्टेट लेवल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अंडर-14 वर्ग में पहले स्थान पर सेक्टर-45 स्थित डीपीएस स्कूल रहा, दूसरे स्थान पर सेक्टर-46 स्थित एमिटी और तीसरे स्थान पर शिक्षांतर की टीम रही। अंडर-17 वर्ग के तहत डीवीएस सुशांत लोक पहले स्थान पर, सेक्टर-45 स्थित डीपीएस दूसरे स्थान पर और स्कॉटिश हाई और एमिटी-43 की टीम तीसरे स्थान पर रही। अंडर-19 वर्ग में सनसिटी स्कूल पहले स्थान पर, डीपीएस मारुती कुंज दूसरे स्थान पर और हेरिटेज स्कूल तीसरे स्थान पर रहा।

गुड़गांव. हेरिटेज स्कूल में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी।

Publication	Amar Ujala
Edition	Gurugram
Date	9th September 2018
Page No	09

अमर उजाला

जिलास्तरीय स्कूल बैडमिंटन में डीपीएस टीम विजेता

गुरुग्राम। सेक्टर-62 स्थित हेरिटेज स्कूल में चल रही जिलास्तरीय स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता में शनिवार को महिला वर्ग के बीच प्रतियोगिता हुई। इसमें अंडर-14 में सेक्टर-45 स्थित डीपीएस, अंडर-17 में सुशांतलोक डीपीएस और अंडर-19 में सनसिटी की टीमें विजेता बनीं। बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के 36 स्कूलों से 150 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कोच जावेद ने बताया कि शनिवार को अंडर-14, 17 और अंडर-19 आयु वर्ग में महिला टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इसमें अंडर-14 के फाइनल मुकाबले में सेक्टर-45 के डीपीएस ने सेक्टर-46 के एमिटी स्कूल की टीम को हराया। इस वर्ग में शिक्षांतर स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। अंडर-17 में सुशांतलोक डीपीएस ने सेक्टर-45 की डीपीएस को हराकर विजेता बनी। तीसरे स्थान पर सेक्टर-43 एमिटी स्कूल की टीम रही। ब्यूरो

नवभारत टाइम्स

https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/gurgaon/dps-school-wins-in-under-14/articleshow/65734173.cms

अंडर-14 में डीपीएस स्कूल जीता

नवभारत टाइम्स | Updated:Sep 9, 2018, 08:00AM IST

हेरिटेज स्कूल में शनिवार को डिस्ट्रिक्ट लेवल बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 और 19 वर्ग के लड़कियों के मुकाबले हुए। इसमें जिले के सरकारी और निजी स्कूलों की 36 टीमों की 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फिजिकल एजुकेशन टीचर जावेद ने बताया कि गर्ल्स कैटिगरी के मैचों के साथ टूर्नामेंट का समापन हो गया। अब 17 अक्टूबर से अंबाला में स्टेट लेवल बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी।

अंडर-14 में सेक्टर-45 स्थित डीपीएस स्कूल पहले, सेक्टर-46 स्थित एमिटी दूसरे और शिक्षांतर स्कूल तीसरे नंबर पर रहा। अंडर-17 में डीवीएस सुशांत लोक पहले, सेक्टर-45 स्थित डीपीएस दूसरे और स्कॉटिश हाई और एमिटी-43 की टीम तीसरे स्थान पर रही। अंडर-19 में सनसिटी स्कूल फर्स्ट, डीपीएस मारुती कुंज सेकंड और हेरिटेज स्कूल थर्ड रहा।